दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांक : 1073/AISHE/2024 दिनांक : 19/12/2024

अति महत्वपूर्ण

सेवा में,

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

विषय – उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली के AISHE (All India Survey of Higher Education) पोर्टल पर अपने महाविद्यालय की सूचनायें अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के AISHE (All India Survey on Higher Education) पोर्टल https://aishe.gov.in/aishe/home पर प्रदर्शित संदेश के अनुसार **सर्वेक्षण वर्ष 2023–24 प्रारम्भ कर दिया गया है। साथ ही सर्वेक्षण वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 के महाविद्यालयों/संस्थानों का पंजीयन भी किया जा रहा है।**

अतः (1) उन महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि जिन्होंने AISHE पोर्टल पर सर्वेक्षण कार्य हेतु पंजीकृत नहीं है (यदि पूर्व में कभी भी सर्वेक्षण कार्य किया हो उन्हें छोड़कर) वे अपना पंजीयन पोर्टल https://aishe.gov.in/aishe/home पर जाकर करते हुये डाटा (DCF-II) अनिवार्य रूप से अपलोड करने का कष्ट करें।

(2) उन महाविद्यालयों (जो पूर्व में AISHE पोर्टल पर पंजीकृत हैं) के प्राचार्यों से अनुरोध है कि पोर्टल https://aishe.gov.in/aishe/home पर जाकर सर्वेक्षण वर्ष 2023–24 के लिये अपने महाविद्यालय का डाटा (DCF-II) अनिवार्य रूप से अपलोड करने का कष्ट करें।

भवदीय

M K Srivastava
प्रो0 मनीष कुमार श्रीवास्तव
नोडल अधिकारी, AISHE
19/12/2024

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलसचिव।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से भी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को भी उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
3. कोआर्डिनेटर, ITC Cell को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि महाविद्यालय के लॉगिन में उक्त सूचना को डालने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, सम्बद्धता अनुभाग।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

M K Srivastava
प्रो0 मनीष कुमार श्रीवास्तव
नोडल अधिकारी, AISHE
19/12/2024

D:\IQAC\UNIVERSITY PAD